23 फरवरी, 2022

**कोविड-19 का प्रकोप**

**न्यू जर्सी आर्थिक विकास प्राधिकरण**

**फंडिंग उपलब्धता की सूचना**

**कम्यूटर एंड ट्रांज़िट बस प्राइवेट कैरियर पैंडेमिक रिलीफ़ एंड जॉब्स प्रोग्राम**

न्यू जर्सी आर्थिक विकास प्राधिकरण [New Jersey Economic Development Authority (NJEDA)] मंगलवार, 8 मार्च, 2022 को सुबह 10:00 बजे से कम्यूटर एंड ट्रांज़िट बस प्राइवेट कैरियर पैंडेमिक रिलीफ़ एंड जॉब्स प्रोग्राम (दैनिक यात्री एवम् परिवहन बस निजी वाहन चालक महामारी राहत और नौकरी संबंधी कार्यक्रम) के लिए आवेदनों को स्वीकार करना शुरू करेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि मंगलवार, 29 मार्च, 2022 को दोपहर 3:00 बजे तक है। आवेदन को https://www.njeda.com/bus-relief/ पर एक्सेस किया जा सकता है। आवेदन के समय $1,000 का शुल्क देय है।

**उद्देश्य**

कम्यूटर एंड ट्रांज़िट बस प्राइवेट कैरियर पैंडेमिक रिलीफ़ एंड जॉब्स प्रोग्राम यात्रियों और उन ट्रांज़िट बस परिवहन कंपनियों की मदद करने के लिए एक अनावर्ती अनुदान कार्यक्रम है जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान न्यू जर्सी में आवश्यक सेवा प्रदाताओं के रूप में संचालन किया तथा महत्वपूर्ण राजस्व हानि को कम करने का अनुभव किया और नौकरियों को बनाए रखा या पैदा किया।

**विहंगावलोकन**

9 मार्च, 2020 को, गवर्नर फ़िल मर्फ़ी (Phil Murphy) ने कार्यकारी आदेश (EO) 103 जारी किया, जिसमें कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध और गैर-अनिवार्य व्यवसायों को बंद करने सहित, आपातकालीन स्थिति एवम् सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की गई। पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी (सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल) 4 जून, 2021 तक बार-बार बढ़ाया गया, जब गवर्नर ने P.L.2021, c.103 पर हस्ताक्षर किए और EO244 जारी किया, जिसने EO 103 (2020) में घोषित सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल को समाप्त कर दिया। 11 जनवरी, 2022 को, ओमिक्रॉन वैरिएंट के जवाब में, गवर्नर ने EO 280 (2022) जारी किया, जिसमें घोषणा की गई कि न्यू जर्सी राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल दोबारा लागू किया गया है और मूल रूप से EO 103 (2020) में घोषित आपातकाल की स्थिति पूरी शक्ति और प्रभाव में बनी हुई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल को 10 फरवरी,

2022 को EO 288 (2022) द्वारा दोबारा बढ़ाया गया था।

न्यू जर्सी के व्यवसायियों और निवासियों को इन सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के कारण बड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। स्वच्छता संबंधी प्रोटोकॉल में वृद्धि होने और ग्राहकों में कमी के कारण संचालन को बनाए रखने वाली ज़रूरी सेवाओं को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। परिवहन उद्योग, जिसे P.L.2020, c.84 में एक अनिवार्य सेवा के रूप में परिभाषित किया गया था, वैश्विक महामारी के दौरान सबसे अधिक प्रभावितों में से एक थी। 11 अप्रैल, 2021 को गवर्नर मर्फ़ी द्वारा हस्ताक्षरित EO 125 ने कोविड-19 के प्रसार को सीमित करने के लिए न्यू जर्सी ट्रांज़िट और सभी निजी वाहन चालकों पर अतिरिक्त न्यूनीकरण शर्तों को अनिवार्य किया। शर्तों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों रूप से सवारियों की संख्या में कमी कर दी, जिसके परिणामस्वरूप निजी परिवहन कंपनियों को बहुत बड़े राजस्व का नुकसान हुआ। सार्वजनिक स्वास्थ्य-संबंधित प्रतिबंधों में ढील देने और सुधार के संकेत दिखाने वाली व्यापक अर्थव्यवस्था के बावजूद, सवारियों की संख्या महामारी से पूर्व के अपने स्तर पर वापस नहीं लौटी। इस प्रकार, 9 फरवरी, 2022 को, NJEDA के बोर्ड ने निजी वाहन चालकों को राजस्व नुकसान से उबरने और नौकरी को बनाए रखने या जॉब सृजित करने में मदद करने के लिए कम्यूटर एंड ट्रांज़िट बस प्राइवेट कैरियर पैंडेमिक रिलीफ़ एंड जॉब्स प्रोग्राम अनुदान वित्त-पोषण (ग्रांट फंडिंग) को मंज़ूरी दी।

**कार्यक्रम संबंधी ब्योरे**

अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 के निरंतर प्रभाव को दूर करने के वास्ते वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए, फेडरल गवर्नमेंट (संघीय सरकार) ने अमेरिकी बचाव योजना अधिनियम 2021 [American Rescue Plan Act of 2021 (ARPA)] पारित किया। ARPA के अंतर्गत, कोरोनावायरस स्टेट एंड लोकल फिस्कल रिकवरी फंड (SFRF) ने न्यू जर्सी राज्य को विभिन्न प्रकार के रिकवरी-विशिष्ट उपयोगों के लिए लगभग $5.6 बिलियन प्रदान किए। न्यू जर्सी के वित्तीय वर्ष 2022 विनियोग अधिनियम ने कम्यूटर एंड ट्रांज़िट बस प्राइवेट कैरियर पैंडेमिक रिलीफ़ एंड जॉब्स प्रोग्राम (कार्यक्रम) को इस धनराशि में से $25 मिलियन आवंटित किए। इन निधियों का, EO 267 और स्टैफोर्ड अधिनियम, 42 U.S.C. 5121 और निम्नलिखित के साथ सामंजस्य बैठाने में, हितलाभों के दोहराव से बचने के लिए केवल अपूर्ण ज़रूरत को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

**पात्रता**

पात्र होने के लिए, किसी भी आवेदक को:

- प्रमाणित करना चाहिए कि व्यवसाय 15 फरवरी, 2020 से पहले से परिचालन में था;
- एक लाभकारी व्यवसाय होना चाहिए (गैर-लाभकारी, सार्वजनिक एजेंसियां, प्राधिकरण, और सरकारी संस्थाएं पात्र नहीं हैं);
- न्यू जर्सी राज्य में व्यवसाय करने और संचालन करने के लिए अवश्य पंजीकृत होना चाहिए और उसे नवीनतम न्यू जर्सी टैक्स क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रदान करना चाहिए;
- फेडरल ट्रांज़िट एडमिनिस्ट्रेशन (संघीय परिवहन प्रशासन) के 22 दिसंबर, 2021, *नेशनल ट्रांज़िट डेटाबेस (NTD)* के *पारिभाषिक शब्दावली* में परिभाषित नियत रूट बस सेवा (MB) या कम्यूटर बस (CB) सेवा प्रदान करनी चाहिए। अन्य सेवाएं (जिनमें चार्टर बस, स्कूल बस, म्यूनिसिपल शटल्स, वैनपूल, और ऑन-डिमांड बस सेवाओं द्वारा प्रदान की गई सेवाएं शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) पात्र नहीं हैं;
- न्यू जर्सी में 0 से अधिक नियत रूट बस सेवा (MB) या कम्यूटर बस सेवा (CB) के लिए वाहन राजस्व मील की सूचना सीधे NTD को दी जानी चाहिए, जैसा कि वार्षिक डेटा तालिका 2020 सेवा में दर्ज किया गया है, या 2020 में निजी वाहन चालक के रूप में न्यू जर्सी ट्रांज़िट के माध्यम से दर्ज किया गया है;
- वैश्विक महामारी के कारण 2020 में न्यू जर्सी राज्य में हुए राजस्व नुकसान को प्रदर्शित करना चाहिए (न्यू जर्सी में रिपोर्ट किए गए प्रत्येक आवेदक कंपनी के 2020 के राजस्व और न्यू जर्सी में रिपोर्ट किए गए 2019 के राजस्व के बीच अंतर के रूप में गणना की गई) जिसका अन्य सार्वजनिक या निजी राहत वित्त पोषण स्रोतों द्वारा पूरी तरह से निपटारा नहीं किया गया है;
- घोषित आपातकालीन स्थिति की समाप्ति के बाद छह महीने के लिए आवेदन के समय से किसी भी कर्मचारी की छुट्टी या अस्थायी छंटनी नहीं करने के सर्वोत्तम प्रयासों के रूप में स्व-प्रमाणित होना चाहिए। जिन आवेदकों ने आवेदन के समय से पहले ही अपने कर्मचारियों (कामगारों) को काम से निकाल दिया है या अस्थायी छंटनी की है, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र उन कर्मचारियों (कामगारों) को फिर से काम पर रखने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का संकल्प लेना चाहिए। सर्वश्रेष्ठ प्रयास प्रमाणीकरण और/या संकल्प के किसी भी महत्वपूर्ण उल्लंघन के

परिणामस्वरूप NJEDA अनुदान के पुनर्भुगतान की माँग कर सकता है; तथा

- प्राधिकरण के विवर्जन (रोक)/अयोग्यता की समीक्षा का समाधान किया जाना चाहिए, प्राधिकरण के लिए किसी भी प्रकार की त्रुटि या बकाया नहीं होना चाहिए और न्यू जर्सी श्रम विभाग, न्यू जर्सी पर्यावरण संरक्षण विभाग, न्यू जर्सी कराधान प्रभाग (डिवीज़न), और न्यू जर्सी ट्रांज़िट (NJ Transit) के साथ अच्छी स्थिति में होना चाहिए।

लागू संघीय शर्तों के आधार पर अतिरिक्त पात्रता मानदंड लागू हो सकते हैं और इसमें शामिल हो सकते हैं लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- लाभों के दोहराव पर प्रतिबंध, जो उन संभावित आवेदकों को अपवर्जित कर (निकाल) सकता है जिन्हें पहले ही आपातकालीन कोविड-19 सहायता प्राप्त हो चुकी है; तथा
- एक ऐसी शर्त जिसे आवेदक प्रदर्शित करता हो कि उसने कोविड-19 के नकारात्मक प्रभावों का अनुभव किया है।

**पात्र उपयोग:**

कार्यक्रम के अंतर्गत, फंडिंग का उपयोग कोविड-19 के कारण होने वाले व्यावसायिक व्यवधान के परिणामस्वरूप कुछ खोए हुए राजस्व की प्रतिपूर्ति के लिए किया जा सकता है।

**अनुदान राशि**

प्रत्येक अनुमोदित आवेदक $500,000 की एकमुश्त अनुदान राशि के लिए पात्र होगा, इस एकमुश्त अनुदान राशि का उद्देश्य मूल उपरि लागतों को समान रूप से समायोजित करना है जो संचालित मील राजस्व से स्वतंत्र हैं; उदाहरण के लिए, वाहनों के मेंटेनेंस (रखरखाव) की लागत, कर्मचारियों का वेतन, और बसों के गैरेज डिपो। निधियों की शेष राशि सभी पात्र आवेदकों के लिए न्यू जर्सी में 2020 के लिए कुल वाहन आय मील के प्रत्येक पात्र आवेदक के आनुपातिक शेयर के आधार पर आवंटित की जाएगी, जैसा कि NTD में सीधे या किसी निजी वाहन चालक के रूप में न्यू जर्सी ट्रांज़िट के माध्यम से रिपोर्ट किया गया है। इस क्रिया-पद्धति का उपयोग कोविड-19 महामारी के दौरान बनाए रखी गई सेवा की मात्रा से जुड़े अतिरिक्त परिवर्तनीय राजस्व नुकसान और लागत वृद्धि के लिए किया जा रहा है।

EO 267 और स्टैफोर्ड अधिनियम के अनुसार, अधिकतम पुरस्कार (राशि), जिसमें एकसमान राशि और यथानुपात आवंटन राशि शामिल है, आवेदक की अधूरी ज़रूरत से अधिक नहीं होगा। प्रोग्राम के लिए, अधूरी ज़रूरत को 2020 न्यू जर्सी राजस्व हानि के रूप में परिभाषित किया गया है (न्यू जर्सी में रिपोर्ट

किए गए प्रत्येक आवेदक कंपनी के 2020 के राजस्व और न्यू जर्सी में रिपोर्ट किए गए 2019 राजस्व के बीच के अंतर के रूप में गणना की गई), किसी भी अन्य सार्वजनिक या निजी कोविड-19 राहत कोष को कम किया गया है जो किसी कंपनी को 2020 के लिए प्राप्त हुआ था। पब्लिक (सार्वजनिक) या प्राइवेट फंड्स (निजी निधियां) जो कंपनियों ने प्राप्त किए हो सकते हैं, उनमें संघीय या राज्य ऋण और अनुदान (जैसे कि परिवहन सेवाओं के लिए कोरोनावायरस आर्थिक राहत (CERTS) अनुदान, पेरोल सुरक्षा ऋणों के क्षम्य अंश, और आर्थिक चोट आपदा अनुदान) और बीमा भुगतान शामिल हैं, लेकिन वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। किसी भी फंडिंग (वित्त-पोषण), एकमुश्त राशि या यथानुपात शेयर, जो अपूर्ण ज़रूरत से अधिक है, को अन्य पात्र आवेदकों को वितरित करने के लिए भुगतान राशि को पुनः आवंटित किया जाएगा।

**आवेदन प्रक्रिया:**

आवेदन मंगलवार, 8 मार्च, 2022 को सुबह 10:00 बजे से खुलेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि मंगलवार, 29 मार्च, 2022 को दोपहर 3:00 बजे तक है। आवेदन को https://www.njeda.com/bus-relief/ पर एक्सेस किया जा सकता है।

आवेदन अवधि की समाप्ति पर, प्राधिकरण पूर्णता के लिए आवेदनों की समीक्षा करेगा; ऐसे आवेदक जिन्होंने अपूर्ण आवेदन जमा किए हैं उन्हें 10 कार्य-दिवस के अंदर अनुपलब्ध जानकारी प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

**शुल्क:** आवेदकों का आकलन $1,000 प्रति आवेदन के आवेदन शुल्क पर किया जाएगा।

**अतिरिक्त जानकारी:**

कम्यूटर एंड ट्रांज़िट बस पैंडेमिक रिलीफ़ एंड जॉब्स प्रोग्राम के बारे में अतिरिक्त जानकारी https://www.njeda.com/bus-relief/ पर पाई जा सकती है।